

यूपीईएस यूनिवर्सिटी में करार पर हस्ताक्षर करते बजाज आटो लिमिटेड के उपाध्यक्ष गुडीपति व यूपीईएस के कुलपति डा. राम शर्मा ● सौजन्य विवि

# इंजीनियरों के लिए उत्कृष्ट सेंटर बनेगी यूपीईएस यूनिवर्सिटी

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूपीईएस यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग करने वाले युवाओं को 21वीं सदी की तकनीकों में प्रशिक्षित करने और उन्हें पेशेवर बनाने की योजना है। इसे अमलीजामा पहनाने के लिए सोमवार को यूपीईएस यूनिवर्सिटी और बजाज आटो लिमिटेड कंपनी के बीच एमओयू हुआ। इस करार के अनुसार, बजाज आटो लिमिटेड कंपनी अपने सीएसआर हिस्से से यूपीईएस में एडवांस्ड बजाज इंजीनियरिंग कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेगा।

यूपीईएस के कुलपति डा. राम शर्मा ने बताया कि इस करार का उद्देश्य भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों के सहयोग से अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करके देश में दूसरे और तीसरे श्रेणी के इंजीनियरिंग और डिप्लोमा कालेजों को सशक्त बनाना है। विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ यह अत्याधुनिक केंद्र शिक्षार्थियों को गहन ज्ञान, कौशल और व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। जो आज के लगातार विकसित हो रहे उद्योग में प्रासंगिक और सक्षम बने रहने के लिए आवश्यक है। दो संस्थान के यह संयुक्त प्रयास छात्रों के लिए दो पूर्णकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेंगे। एक स्नातक इंजीनियरों के लिए और दूसरा डिप्लोमा इंजीनियरों के लिए होगा। यूपीईएस परिसर दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम को संचालित करेगा। विवि उत्तराखंड और देश के अन्य हिस्सों से विभिन्न इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा कालेजों के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित करेगा। इस कार्यक्रम में मेक्ट्रोनिक्स, मोशन कंट्रोल, सेंसर टेक्नोलाजी, रोबोटिक्शन, आटोमेशन और इंडस्ट्री तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में मौजूदा कौशल अंतर को पाटना है। करार पर हस्ताक्षर के दौरान बजाज आटो लिमिटेड कंपनी के उपाध्यक्ष व यूपीईएस के कुलपति डा. राम शर्मा ने हस्ताक्षर किए।